श्याम बसों मेरे मन में

खाटू वाले मगन रहूं मैं,
भक्ति के भाव भजन में,
श्याम बसों मेरे मन में.....

मन मंदिर को श्याम सजाऊँ,
जिसमे आप का दर्शन पाऊं,
मन की साँची बात बताऊँ,
लगन हो श्याम लगन में,
श्याम बसों मेरे मन में.....

श्याम करूँ नित आपकी पूजा,
मन को और ना भाये दूजा,
तारों के संग जैसे चंदा,
रहता नील गगन में,
श्याम बसों मेरे मन में.....

श्याम सलोने दिल की सुन लो,
मुझको भी अपनों में चुन लो,
आपको करता हूँ सांवरिया,
तन मन धन अर्पण मैं,
श्याम बसों मेरे मन में.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26987/title/shyam-baso-mere-man-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |